>

Title: Need to withdraw excise duty on Mehandi.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): महोदय, आपने मुझे एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ। पूरे भारतवर्ष में हमारे संसदीय क्षेत्र् में एक ही जगह मेहंदी होती है और वह सोजत सिटी में होती है। वहाँ सरकार ने इस पर एक्साइज़ ड्यूटी लगा दी है। उसको वापस लेने के लिए मैं सरकार के सामने अपना पक्ष रखता हूँ। मैं बताना चाहता हूँ कि मेहंदी शादी में महिलाओं के हाथों में लगाने के काम आती है। मैं वित्त मंत्री जी से मांग करता हूँ कि मेहंदी पर लगाए गए टैक्स को वापस लिया जाए। किसानों ने वहाँ इसकी खेती करनी बंद कर दी है। पूरे भारतवर्ष में 1 अरब 25 करोड़ की आबादी का आधा भाग जो महिलाओं का है, उनके काम यह मेहंदी आती है। इसलिए मैं आपके माध्यम से वित्त मंत्री जी से पुरज़ोर मांग करता हूँ कि यह टैक्स वापस लिया जाए।